एस्सोटेक रियल्टी व लेमन ट्री होटल्स करेगी 900 करोड़ रुपए का निवेश

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। भवन निर्माण क्षेत्र की कंपनी एस्सोटेक रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड और आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी लेमन ट्री होटल्स ग्रुप ने प्रीमियम सेवायुक्त अपार्टमेंट वाली परियोजनाओं पर करीब 900 करोड़ रुपए निवेश करने की

- **चार शहरों में बनेंगे अपार्टमेंट सैंडल सुइट्स**
- **8 से 10 परियोजनाएं लाने की है कोशिश**

घोषणा की है। एस्सोटेक रियल्टी के प्रबंध निदेशक नीरज गुलाटी ने नोएडा के एस्सोटेक बिजनेस क्रेस्टेरा, एबीसी में प्रीमियम सेवायुक्त अपार्टमेंट सैंडल सुइट्स के प्रबंधन एवं परिचालन के लिए लेमन ट्री होटल्स के साथ आज यहां करार करने के दौरान यह ऐलान किया। उन्होंने बताया कि अगले पांच से सात वर्षों में अहमदाबाद, हैदराबाद, गोवा और बैंगलूर में करीब 900 करोड़ रुपए के निवेश से इसी तरह की आठ से 10 परियोजनाएं शुरू करने की योजना बनाई गई है। सैंडल सुइट्स में 210 कमरे होंगे जहां ठहरने वालों को बेहतर सेवाएं दी जाएगी। लेमन ट्री होटल्स के उपप्रबंध निदेशक एवं कार्नेशन होटल्स के अध्यक्ष रतन केशवानी ने बताया कि इसमें तीन तरह के कमरे होंगे जिनमें क्लब प्रीमियर और रायल सुइट्स शामिल है। उन्होंने दावा किया कि उनकी कंपनी ग्राहकों को अनूठी सेवाएं देगी ताकि इस तरह की परियोजनाएं सफल हो सके।